भा. कृ. अनु. प., भारतीय मृदा एवं जल संरक्षण संस्थान,
अनुसंधान केन्द्र, कोटा – 324002 (राजस्थान)

क्रमांकः–1(45)/SOFP-02/2024-25 /S&P/

दिनांक 14.11.2024

:: खुली नीलामी (सील बन्द लिफाफे के द्वारा) ::

इच्छुक ठेकेदारों को सूचित किया जाता है कि इस केन्द्र के अनुसंधान प्रक्षेत्र नें दिनांक 05.12.2024 को अपरान्ह 3.00 बजे तक प्रक्षेत्र क्षेत्र में स्थित 25 पेड मे लगे अमरूद के व 30 पेड़ में लगे बेर के फलो की खुली नीलामी (Open auction), प्राप्त होने वाले सील बन्द लिफाफे मे अंकित राशि के अनुसार की जायेगी। जिसके लिये रु. 10,000/– पंजीकरण राशि का डिमान्ड ड्राफ्ट OIC, CSWCRTI, Kota के नाम से सील बन्द लिफाफे के साथ जमा कराना होगा। फलो को वृक्षो से तोडकर ले जाने की समयावधि माह मार्च, 2025 तक होगी। निविदा से सम्बन्धित सभी प्रकार की जानकारी वेबसाईट www.cswcrtiweb.org पर से प्राप्त की जा सकती है ।

केन्द्राध्यक्ष

# भा. कृ. अनु. प., भारतीय मृदा एवं जल संरक्षण संस्थान,
## अनुसंधान केन्द्र, कोटा – 324002 (राजस्थान)

ठेकेदार/वेब साईट हेतु विस्तृत विवरण

## खुली नीलामी (सील बन्द लिफाफे के द्वारा) की शर्ते

भा. कृ. अनु. प., भारतीय मृदा एवं जल संरक्षण संस्थान, अनुसंधान केन्द्र, कोटा जो कि डडवाडा, कोटा जंक्शन पर स्थित है में 25 पेड़ में लगे अमरूद के व 30 पेड़ में लगे बेर वृक्षो के फलो के लिये खुली नीलामी (Open Auction) सील बन्द लिफाफे में आमन्त्रित की जाती है। जिसकी अंतिम तिथि 05.12.2024 है। इस नीलामी की नियम व शर्ते निम्न प्रकार से है :

1. बोली सील बन्द लिफाफे के द्वारा दिनाक 05.12.2024 को 3.00 बजे तक ही स्वीकार किये जायेगें । केन्द्र पर प्राप्त होने की अन्तिम तिथि 05.12.2024 है। इच्छुक ठेकेदार वृक्षो के क्षेत्र का निरीक्षण छुटटी के दिनों को छोडकर प्रातः 10.00 बजे से सांय 04.30 बजे तक पूर्व अनुमति लेकर कर सकते है तथा बोली के लिफाफे खोलने वाले दिन उपस्थित रह सकते है।

2. नीलामी का कार्य केन्द्राध्यक्ष, भारतीय मृदा एवं जल संरक्षण संस्थान, अनुसंधान केन्द्र, कोटा द्वारा मनोनीत समिति के अधिकारी सम्पन्न करायेगे। उनका अधिकार होगा कि यदि बोली बोलने वालो से प्राप्त सील बंद लिफाफो की संख्या 03 से कम होगी तो नीलामी अन्य किसी कार्य दिवस में की जायेगी ।

3. नीलामी का प्रस्ताव सील बंद लिफाफे मे प्रस्तुत करने वाले को सर्वप्रथम रू. 10,000/– पजीकरण राशि/अमानत राशि के रूप में डिमान्ड ड्राफट जो कि OIC,CSWCRTI, KOTA के पक्ष में हो जमा करवाने होगें इसके पश्चात् ही उनके प्रस्ताव को नीलामी में शामिल किया जायेगा । लिफाफो को खोलने एव अनुमोदन के पश्चात् अधिकतन बोली दाता को कुल राशि का आधा भाग कार्यालय में 07 दिन के अन्दर जमा करवाना होगा। राशि जमा नही करवाने पर बोली को निरस्त करते हुए अमानत राशि को जब्त कर लिया जावेगा ।

4. एक अमानत राशि के लिये डिमांड ड्राफट के साथ केवल एक ही बोलीदाता को नीलामी में भाग लेने की अनुमति होगी ।

5. सील बन्द लिफाफे के द्वारा नीलामी में उच्चतम बोलीदाता को सफल बोलीदाता माना जायेगा तथा नीलामी उनके पक्ष में की जायेगी ।

6. असफल बोलीदाता को ई.एम.डी/अमानत राशि का डिमान्ड ड्राफट वापस कर दिया जायेगा ।

7. सक्षम अधिकारी द्वारा फलो की न्यूनतम आरक्षित मूल्य राशि निश्चित की गई है जिसे बंद लिफाफे में सुरक्षित रखा गया है और आरक्षित राशि से अधिक राशि ही बोली ही मान्य होगी

8. सफल बोलीदाता को 07 दिन पश्चात् कार्यालय में शेष राशि को जमा करवाना होगा। अमानत राशि को नीलामी राशि में समायोजित किया जा सकता है।

........2.

9. 25 पेड़ में लगे अमरूद व 30 पेड में लगे बेर वृक्षो के फलो को कार्यालय समयावधि में ही सम्बन्धित अधिकारी व कर्मचारी की देख रेख में ले जाना होगा। बगीचे में सिंचाई एवं सफाई तथा सुरक्षा करने का जिम्मा ठेकेदार का होगा। हांलाकि पानी सीमित मात्रा में केन्द्र द्वारा उपलब्ध करवाया जायेगा। किसी तकनीकी खराबी के कारण पानी उपलब्ध करवाने में हुई देरी के लिये केन्द्र जिम्मेदार नहीं होगा ।

10. चौकीदारी की व्यवस्था स्वयं ठेकेदार को करनी होगी। उद्यान एवं केन्द्र परिसर में किसी तरह का नुकसान ठेकेदार एवं उनके प्रतिनिधि द्वारा पहुंचाने पर स्वयं ठेकेदार जिम्मेदार होगा । किसी भी अनहोनी घटना के लिये केन्द्र जिम्मेदार नहीं होगा ।

11. पौध संरक्षण एवं अन्य जरूरी शस्य कियाएं केन्द्र द्वारा निर्धारित कार्यक्रम एवं मान दण्डो के अनुसार ही की जावेगी । इसके लिये ठेकेदार द्वारा बताए कार्यो के प्रति केन्द्र बाध्य नहीं होगा ।

12. किसी प्रकार का वाद विवाद उत्पन्न होने पर केन्द्राध्यक्ष का निर्णय अन्तिम एवं सर्व मान्य होगा। केन्द्राध्यक्ष को किसी भी बोली को स्वीकार अथवा अस्वीकार करने अथवा सम्पूर्ण नीलामी प्रकिया को किसी भी अवस्था में बिना कारण बताये रदद् करने का संपूर्ण अधिकार है ।

13.. कार्यालय द्वारा अनुमति आदेश जारी होने के पश्चात् ही उक्त फलो को तोडकर ले जाने की अनुमति होगी। समयावधि मार्च, 2025 तक मान्य होगी ।

14. .सफल बोलीदाता (सील बंद लिफाफे के द्वारा) के पास आवश्यकतानुसार जी. एस.टी /.पैन नम्बर/आधार नम्बर अनिवार्य है (छाया प्रति संलग्न करें )

15. पूर्व में किसी भी सरकारी कार्यालय में बोली लगाने वाले ठेकेदार ही इस केन्द्र पर बोली लगा सकेगें ।

16. खुली नीलामी के संबध में दिंनाक **02.12.2024** .को केन्द्र के व्याख्यान कक्ष में सांय 3.00 बजे प्री–बिड मिटिंग रखी गई है, बैठक में ठेकेदार सम्मिलित हो सकते है।

17. नीलामी 60 दिन की अवधि के लिये मान्य रहेगी ।

18. ठेकेदार द्वारा फलों को तोड़ने की कार्यवाही केन्द्र के परियोजना पी.आई.(PI) (प्रधान वैज्ञानिक) के निर्देशानुसार करना अनिवार्य है।

19 नीलामी से संबंधित समस्त जानकारी बेवसाईट www.cswcrtiweb.org पर देखी/प्राप्त की जा सकती है । अन्य शर्ते मौके पर सुना दी जायेगी ।

केन्द्राध्यक्ष

# Check list for CPPP

**Basic Details**

| | |
|---|---|
| Tender Ref. No./Auction | 1(45)/SOFP-02/2023-24/S&P/ |
| Tender Type | Open Auction |
| Form of Contract | - |
| Tender Category | - |
| No. of covers | 01 |

**Tender Fee Details**

| | |
|---|---|
| Tender Fee | -- |
| Fee Payable to | -- |
| Tender Fee Exemption/Allowed | |
| Fee Payable at | - |
| EMD Amount in | Rs. 10,000/- |
| EMD Payable to | OIC,CSWCRTI,KOTA |
| EMD Exemption / Allowed | - |
| EMD Payable at | SBI, ADB Branch,Kota Jn. |

**Work / Items (s)**

| | |
|---|---|
| Title | Open Auction |
| Work Description | Open Auction for Ber and Guava fruit |
| Tender Value In | - |
| Product Category | |
| Sub Category | - |
| Contract type | - |
| Bid Validity (Days) | 60 days |
| Period of works (Days ) | 6 months(180 days from the date of work order) |
| Location | Kota |
| Pre Bid Meeting Place | Lecture Hall,ICAR-IISWC,KOTA |
| Pre Bid Meeting Address | Lecture Hall,ICAR-IISWC,KOTA |
| Pre Bid Meeting Date | 02-12-2024 (3.00 PM) |
| Pre Bid Meeting Place | Lecture Hall,ICAR-IISWC,KOTA |
| Bid Opening Place | Lecture Hall,ICAR-IISWC,KOTA |

**Critical Dates**

| | |
|---|---|
| Publish Date | 15.11.2024 |
| Bid Opening Date | 15.11.2024 |
| Document Download/ Sale Start Date | 15.11.2024 |
| Document Download/Sale Start Date | 15.11.2024 |
| Clalrification Start Date | - |
| Clarificatioin End Dae | - |
| Bid Submission Start Date | 15.11 2024 |
| Bid Submission End Date | 05.12.2024 (3.00 P.M.) |